**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सिद्धार्थनगर।**

पत्रांक 1154 / डब्लू-18 / 360 दिनांक 30-6-2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य एवं पेयजल स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
विभूति खण्ड, किसान बाजार, गोमतीनगर
लखनऊ।

विषयः– **समाचार पत्र दैनिक भाष्कर में प्रकाशित शीर्षक "6 माह से आपूर्ति ठप, ग्रामीण शुद्ध पेयजल से वंचित, के सम्बंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भाष्कर में प्रकाशित शीर्षक– **"6 माह से आपूर्ति ठप, ग्रामीण शुद्ध पेयजल से वंचित"** विकास खण्ड–खेसरहा के बंजरहा बुजुर्ग पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित है। उक्त पेयजल योजना का कार्य मेसर्स वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 (जे0वी0) द्वारा सम्पादित कराया जा रहा है।

उक्त पेयजल योजना में जलकल परिसर हेतु प्राप्त भूमि का स्थान बदलने के कारण कार्य देर से आरंभ हुआ था। उक्त योजना में शिरोपरि जलाशय,पंप हाउस, बाउंड्री वॉल, सोलर का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। वितरण प्रणाली का कार्य लगभग 90% पूर्ण कर दिया गया है। पी0डब्लू0डी से परमिशन न मिलने के कारण कुछ वितरण प्रणाली का कार्य शेष रह गया है एवं घरों में गृह संयोजन का कार्य प्रगति पर है। उक्त पेयजल योजना में वितरण प्रणाली की मेन डाया बिछाने के दौरान भूमि विवाद होने के कारण उक्त पेयजल योजना के टेस्टिंग का कार्य अपूर्ण है। खण्ड कार्यालय के जूनियर इंजीनियर एवं कार्यदायी फर्म के इंजीनियर द्वारा ग्राम प्रधान से सम्पर्क कर वितरण प्रणाली के मेन डाया को बिछाने हेतु अन्य विकल्प का चयन कर लिया गया है। शीघ्र ही फर्म द्वारा उक्त पेयजल योजना में वितरण प्रणाली के मेन डाया को जोड़कर योजना के टेस्टिंग का कार्य पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(संजय कुमार जायसवाल)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः–**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।

2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner







Scanned with CamScanner